# कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हरनौत (नालन्दा)

पत्रांक 1860 हरनौत दिनांक 30.12.2023

प्रेषकः–

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हरनौत।

सेवा में,

संजय कुमार,
ग्राम–तेलमर, पो0–हरनौत,
नालंदा।

विषय :– शीर्ष–3054 मरम्मति बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति–2018 योजना अन्तर्गत कल्याण बिगहा में किसान भवन (स्व0 गनौरी सिंह के घर से देवी स्थान) तक पथ में तालाब के पास रिटेंनिग वाल निर्माण के संबंध में।

प्रसंग :– मुख्य अभियंता–1, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–11/प्र0–05–85/2023 4175 अनु0 दिनांक–23.12.2023

महाशय,

उपयुर्क्त विषय के संबंध में कहना है कि विषयांकित योजना का पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति प्रासंगिक पत्र के द्वारा प्राप्त हुआ है। इस विषयांकित कार्य का मूल एकरारनामा आपके द्वारा सम्पादित किया गया है, जिसके आलोक में पुनरीक्षित स्वीकृति प्राक्कलन के अनुसार निर्माण कार्य आपके द्वारा किया जाना है। इस पुनरीक्षित प्राक्कलन के अनुसार पुनरीक्षित परिमाण विपत्र की राशि 1,00,86,275.00 (एक करोड़ छियासी हजार दो सौ पचहतर) मात्र में मूल एकरारनामा की राशि 47,24,583.00 (सैताळीस लाख चौबीस हजार पाँच सौ तेरासी) घटा कर शेष राशि .53,48,288.00 (तिरपन लाख अड़तालीस हजार दौ सौ अठासी) का पुरक एकरारनामा आपके द्वारा किया जाना है। इस हेतु आप रू 2,70,000.00 (दो लाख सत्तर हजार) का (F.D) या (N.S.C) कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हरनौत के नाम से प्रतिज्ञप्ति करा कर जमा करें। साथ ही कार्य सहायक अभियंता/कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, हरनौत के पर्यवेक्षण में पूर्ण किया जाना है।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त वर्णित राशि 2,70,000.00 (दो लाख सत्तर हजार) जमा करते हुए कार्य प्रारंभ कर दें।

विश्वासभाजिन
30.12.23

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल,हरनौत।

30/12/23